# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIR

21 - 11– 2022

MONDAY



## 1. मनिका बत्रा एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं



देश की नंबर 1 टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने एशिया कप टेबल टेनिस प्रतियोगिता में इतिहास रच दिया है। शनिवार को खेले गए मैच में मनिका ने हिना हयाता को 42 से मात दी। इस जीत के साथ वे एशिया कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला टीटी खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले उन्हें इसी टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद शनिवार को कांस्य पदक के लिए ये मैच खेला गया जिसे उन्होंने जीत लिया हैं।इससे पहले मनिका बत्रा ने राउंड ऑफ 16 मैच में दुनिया के सातवें नंबर की खिलाड़ी चीन के चेन जिंगटोंग को झटका दिया था और उन्हें कड़े मुकाबले में हराकर सेमीफाइनल में खेलने वाली देश की पहली महिला बनीं थी। हालांकि उन्हें सेमीफाइनल में जापान की मीमा इतो ने हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। मीमा इतो दुनिया की पांचवे नंबर की टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं।भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी ने कई मंचों पर देश का नाम रौशन किया है। कई स्वर्ण पदक जीतने वाली मनिका ने कॉमनवेल्थ गेम्स में सिंगापुर और इंग्लैंड का बर्चस्व तोड़ा था। हालांकि 2022 में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में मनिका बत्रा एक भी पदक जीत नहीं जीत पाई थीं। कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद उन्होंने अपने कोच पर कई आरोप लगाए थे।

## 2. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को नेपाल के आगामी चुनावों के लिए अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर आमंत्रित किया गया



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को नेपाल के चुनाव आयोग द्वारा वहां की प्रतिनिधि सभा और प्रांतीय विधानसभा के आगामी चुनावों के लिए अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है।संघीय संसद के 275 सदस्यों और सात प्रांतीय विधानसभाओं की 550 सीटों के चुनाव के लिए नेपाल में 20 नवंबर, 2022 को चुनाव निर्धारित किये गए हैं।नेपाल के राजकीय अतिथि के रूप में राजीव कुमार 18 नवंबर से 22 नवंबर तक ईसीआई अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान कुमार काठमांडू और आसपास के क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों का दौरा करेंगे।ईसीआई का भी एक अंतर्राष्ट्रीय चुनाव परिदर्शक कार्यक्रम है, जहां अन्य चुनाव प्रबंधन निकायों के सदस्यों को समयसमय पर होने वाले हमारे आम और विधानसभा चुनावों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।भारतीय चुनाव आयोग, अन्य चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) और संबंधित अंतरराष्ट्रीय संगठनों व संघों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय विचारविमर्श के माध्यम से दुनिया भर में लोकतंत्र के उद्देश्य को बढ़ावा देने में हमेशा सबसे आगे रहा है और लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रक्रियाओं को मजबूत करने की दृष्टि से हमेशा संपर्कों को बढ़ावा देने, ज्ञान के आदानप्रदान करने तथा सर्वोत्तम तौरतरीकों को साझा करने आदि को सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया हैईसीआई के भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) ने क्षमता निर्माण पहल के हिस्से के रूप में अब तक 109 देशों के 2200 से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें 70 नेपाल के अधिकारी भी शामिल हैं। आईआईआईडीईएम में 13 से 24 मार्च, 2023 तक नेपाल चुनाव आयोग के 25 अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

## 3. नागपुर में किया गया भारतीय वायु सेना का एयर फेस्ट 2022 का आयोजन



एयर फेस्ट 2022 में शामिल होने के लिए भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण टीम अपने हॉक विमानों के साथ दो दिन पहले ही नागपुर पहुंच गई है। बुधवार, 16 नवंबर की सुबह 11 बजे से अचानक आसमान में सूर्यकिरण टीम के तेज रफ्तार विमान अभ्यास करते नजर आए। यह अभ्यास अगले 1 घंटे तक जारी रहा। इस दौरान नागपुरवासियों की निगाहें आसमान की ओर ही जमी रही। कि नागपुर पहुंचने के बाद सूर्यकिरण की टीम गुरुवार, 17 नवंबर को अपने तय कार्यक्रम अनुसार अभ्यास करने वाली थी। लेकिन अचानक बुधवार की सुबह नागपुर के कुछ इलाकों में आसमान में तेज रफ्तार विमानों की आवाज गूंजने लगी। तेजी से लोग अपनी छतों पर पहुंचे और जब आसमान की ओर देखा तो सूर्यकिरण टीम के लाल रंग के विमान आसमान में मंडराते नजर आए।इन विमानों ने कुछ ऐसा अभ्यास किया कि आसमान की ओर देखने वाले नागरिक अगले 1 घंटे तक आसमान को तकते रह गए। एक के बाद एक आधा दर्जन के करीब विमान आसमान में एक के बाद एक करतब दिखाते अभ्यास कर रहे थे। 1 घंटे के बाद लगभग दोपहर 12 बजे के दौरान यह अभ्यास खत्म हुआ।वायुसेना की तरफ से महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में एयर फेस्ट का आयोजन किया गया है। आगामी 18, 19 नवंबर को होने वाला यह आयोजन वायुसेना नगर मुख्यालय मेंटेनेंस कमांड के परेड ग्राउंड में होगा। उल्लेखनीय है कि विमान सोनेगांव स्टेशन से उड़ान भरेंगे और वापस वही पर लैंड करेंगे।इनमें सूर्य किरण एरोबैटिक टीम, सारंग हेलीकॉप्टर एयर डिस्प्ले टीम, आकाशगंगा टीम और एयर वारियर ड्रिल टीम शामिल है. जो नागपुर के आसमान में विमानों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाएगी। इसके साथ ही पैराग्लाइडिंग, परिवहन और लड़ाकू विमानों द्वारा फ्लाईपास्ट भी किया जाएगा. वही भारतीय वायुसेना के उपकरणों की प्रदर्शनी भी इस समय लगाई जाएगी।

## 4. कतर में शुरू हुआ 22वाँ फीफा विश्व कप



दुनियाभर के फुटबॉल फैन्स के लिए उत्सव शुरू हो रहा है. कतर में आज (20 नवंबर) से फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप 2022 की शुरुआत हो रही है. 4 साल के अंतर पर होने वाला फुटबॉल वर्ल्ड कप अब लौटा है, बीच में कोरोना का काल भी दुनिया ने देखा था. ऐसे में अब फुटबॉल फैन्स के लिए एक बार फिर झूमने का मौका है. रविवार को भारतीय समयानुसार, शाम 7.30 बजे शानदार ओपनिंग सेरेमनी होगी जिसमें दुनियाभर के बड़ेबड़े आर्टिस्ट परफॉर्म करेंगे. इनमें सबसे बड़ा नाम कोरियन बैंड BTS का है, जो यहां अपना जलवा बिखेरेंगे. ओपनिंग सेरेमनी के बाद आज ही ओपनिंग मैच भी होना है, जो मेजबान कतर और एक्काडॉर के बीच खेला जाना है.

## 5. त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने 'अमर सरकार' पोर्टल किया लॉन्च



त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि सभी केंद्र और

राज्य प्रायोजित योजनाएं हर दरवाजे तक पहुंचें और लोगों और सरकार के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने के लिए एक नया पोर्टल 'अमर सरकार' लॉन्च किया। वेबपोर्टल में पंचायत विभाग सहित कुल 78 विभागों को शामिल किया गया है। पोर्टल लोगों को ग्राम समिति के अधिकारियों के माध्यम से अपनी समस्याओं और शिकायतों को दर्ज करने में मदद करेगा।इससे पहले सितंबर में, राज्य सरकार ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को चिह्नित करने के लिए 'हर घर सुशासन' पहल शुरू की थी। तीन महीने की लंबी पहल, जो नवंबर में समाप्त होगी, मिशन मोड में प्रमुख केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की डोरस्टेप डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई थी। इस पहल ने ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों से विकास कार्यों को शुरू करने का भी आग्रह किया।

## 6. गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हुई ओडिशा की बालीयात्रा



कटक में ऐतिहासिक बाली यात्रा उत्सव को लोकप्रिय बनाने और राष्ट्रीय टैग सुनिश्चित करने की पहल के हिस्से के रूप में छात्रों द्वारा 23,000 से अधिक कागज़ की नाव बनाकर इतिहास रचा गया। अनोखा उत्सव अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है।लगभग 2100 छात्रों ने 35 मिनट में 23,000 से अधिक कागज की नावें बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया। कटक नगर निगम (सीएमसी) को आज एक साथ ओरिगामी मूर्तियों को फोल्ड करने वाले अधिकांश लोगों की श्रेणी के तहत गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया।उन्होंने कहा, "1304 को हराने का रिकॉर्ड था और यहां जो हासिल किया गया वह 2121 था। इस प्रयास में बहुत प्रयास किए गए हैं और इसका हिस्सा बनना वास्तव में अच्छा था।" इतने सारे छात्रों और अभ्यास के दिनों ने इस आयोजन को और खास बना दिया। बहुत सारे दिशानिर्देश थे और न्यूनतम संख्या 15 मिनट और प्रत्येक में तीन मूर्तियां थीं। यह एक समयआधारित रिकॉर्ड नहीं था, लेकिन यह ओरिगेमी मूर्तियां बनाने वाले लोगों की संख्या के लिए था और लगभग 23,000 नावें बनाई गई थीं, "गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के एक आधिकारिक निर्णायक ऋषि ने कहा।कटक के मेयर सुभाष सिंह ने कहा, 'बाली यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पिछले दो महीने से आयोजन को सफल बनाने के प्रयास किए जा रहे थे. लगभग 2121 छात्र शामिल थे और वे 23,000 से अधिक नावें बनाने में सक्षम थे। मैं इस आयोजन में शामिल छात्रों और अन्य लोगों को बधाई देता हूं।"सिंह ने कहा कि सीएमसी ने 10,000 नाव बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन छात्र 23,000 नाव बनाने में सफल रहे. सिंह ने कहा, "यह रिकॉर्ड हमें बाली यात्रा के लिए राष्ट्रीय त्योहार का दर्जा दिलाने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा।"सीएमसी कमिश्नर निखिल पवन कल्याण ने कहा, 'देश में और भी त्योहार हैं और हमने यह दिखाने की कोशिश की है कि प्रशासन बड़े आयोजन कर सकता है।'

## 7. ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यूकेइंडिया यंग प्रोफेशनल्स स्कीम की घोषणा की



यूके और भारत साल 2023 में यंग प्रोफेशनल्स एक्सचेंज कार्यक्रम लॉन्च करेंगे और इसके तहत हर साल 3000 भारतीय युवाओं को ब्रिटेन में काम करने लिए वीजा मिल जाएगा. ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को भारत के युवा पेशेवरों को हर साल ब्रिटेन में काम करने के लिए 3,000 वीजा देने के लिए अपनी हरी झंडी दे दी है. यूके सरकार ने कहा कि भारत इस तरह की योजना से लाभान्वित होने वाला पहला देश है. बता दें कि पीएम मोदी

और ऋषि सुनक के बीच मुलाकात के कुछ घंटों बाद ही यह फैसला आया है.यूके के प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने अपने एक ट्वीट में कहा कि आज यूकेइंडिया यंग प्रोफेशनल्स स्कीम की पुष्टि की गई, जिसमें 1830 वर्षीय 3,000 डिग्रीधारी शिक्षित भारतीय नागरिकों को यूके में आकर रहने और दो साल तक काम करने के लिए वीजा देने की पेशकश की गई. बता दें कि यूकेइंडिया यंग प्रोफेशनल्स स्कीम के तहत ब्रिटेन हर साल 1830 वर्ष आयु वर्ग के 3000 युवा प्रोफेशनल्स यानी डिग्री धारक भारतीयों को ब्रिटेन में दो साल तक काम करने की पेशकश करेगा. यह योजना अगले साल 2023 की शुरुआत में शुरू होगी और पारस्परिक आधार पर होगी.डाउनिंग स्ट्रीट की यह घोषणा ऐसे वक्त में सामने आई है, जब मंगलवार को इंडोनेशिया के बाली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऋषि सुनक के बीच मुलाकात हुई थी. इस मुलाकात के कुछ घंटों बाद ही यूके ने भारतीय युवाओं को वीजा देने के फैसले को हरी झंडी दिखा दी. पिछले महीने भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश पीएम के पद संभालने के बाद यह उन दोनों की पहली बैठक थी.

## 8. गांधी मंडेला फाउंडेशन ने दलाई लामा को शांति पुरस्कार से किया सम्मानित



तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को शनिवार को गांधी मंडेला फाउंडेशन द्वारा "शांति पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। धर्मगुरु का चयन 2020 में हुआ था लेकिन कोविड महामारी के कारण उन्हें यह पुरस्कार नहीं दिया जा सका। अब स्थिति सामान्य होने के साथ, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा दलाई लामा को पुरस्कार प्रदान किया गया।मैक्लोडगंज में गांधी मंडेला फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, दलाई लामा और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के जी बालकृष्णन भी उपस्थित थे। राज्यपाल अर्लेकर ने एक समारोह में दलाई लामा को पुरस्कार प्रदान किया। समारोह के दौरान, दलाई लामा ने पुरस्कार के लिए फाउंडेशन को धन्यवाद दिया और अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने विश्व में दया, एकता और अहिंसा पर भी बल दिया।"हम सभी करुणा के सुखी बीज हैं क्योंकि हम सामाजिक प्राणी हैं। प्रारंभ से ही, माँ हमें अत्यधिक स्नेह देती है, करुणा।" उन्होंने आगे कहा, "करुणा को शामिल किया जाना चाहिए।""करुणा" या करुणा के बारे में बात करते हुए, दलाई लामा ने कहा कि यह आंतरिक शांति और आंतरिक शक्ति होनी चाहिए। "यदि आंतरिक शांति है तो आप मानव बुद्धि का अधिक उचित उपयोग कर सकते हैं। लेकिन यदि आप क्रोध विकसित करते हैं तो आप मानव बुद्धि का अधिक उपयोग नहीं कर सकते हैं, इसलिए मन की शांति बहुत महत्वपूर्ण है," उन्होंने आगे कहा।इस बीच, गवर्नर अर्लेकर ने कहा कि दलाई लामा की सुविधा करना उनके लिए बड़े सम्मान की बात है."हम सभी एक बहुत ही अलग समारोह के लिए यहां एकत्र हुए हैं। यह केवल दलाई लामा की सुविधा नहीं है बल्कि यह इस महान संस्कृति के लोकाचार का सम्मान कर रहा है जो इस देश में हजारों की संख्या में रेत और मिट्टी और पानी और हवा से बह रही है और हजारों साल, "उन्होंने कहा। उन्होंने कहा, "यह परम पावन का सम्माननीय विशेषाधिकार है कि इस विशेष प्रस्तुति को इस पायदान पर आना पड़ा है। आज इस दुनिया में कोई और दावा नहीं कर सकता है।"

**ONE LINER**

**APEC आर्थिक नेताओं की बैठक कहां हुई है-** बैंकॉक

**गुजरात क्रिकेट संघ का नया अध्यक्ष किसे चुना गया है-** धनराज परिमल नाथवानी

**किस पूर्व IAS अधिकारी को Election Commission of India का चुनाव आयुक्त बनाया गया है-** अरुण गोयल

**भारत ने 15वीं एशियाई एयरगन चैंपियनशिप में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं-** 25 स्वर्ण पदक

रूस और कौन सा देश 'ब्लैक सी अनाज सौदे' को चार महीने आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं - यूक्रेन

किस राज्य में तीन ट्रांसजेंडर को सरकारी स्कूल के शिक्षक के रूप में चुने गए है- कर्नाटक

उचित शिक्षा ना मिलने पर NHRC ने किस राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है- पंजाब

भारत किस देश के साथ 'Young Professionals Scheme' शुरू करने जा रहा है- यूनाइटेड किंगडम (UK)

'मनिका बत्रा' ने एशिया कप टेबल टेनिस में कौन सा पदक जीता है- कांस्य पदक

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को कहां 'गार्ड ऑफ ऑनर' मिला है- पेरिस

## QUIZ

1. निम्न में से किसके द्वारा हाल ही में डिजिटल शक्ति अभियान 4.0 लॉन्च किया गया?
(A) राष्ट्रीय महिला आयोग
(B) संस्कृति मंत्रालय
(C) नीति आयोग
(D) वित्त मंत्रालय

2 . निम्न में से किस राज्य सरकार ने हाल ही में 'बाजरा मिशन' की शुरुआत की है?
(A) राजस्थान
(B) हरियाणा
(C) असम
(D) पंजाब

3. निम्न में से अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के एथलीट आयोग के लिए हाल ही में चुने जाने वाले भारत के पहले खिलाड़ी कौन बने हैं?
(A) सानिल शेट्टी
(B) अचंता शरत कमल
(C) साथियान ज्ञानशेखरन
(D) हरमीत देसाई

4 .पीएम मोदी द्वारा हाल ही में किस राज्य में 600 मेगावाट कामेंग जल विद्युत परियोजना समर्पित की ?
(A) राजस्थान
(B) मिजोरम
(C) सिक्किम
(D) अरुणाचल प्रदेश

5. निम्न में से किस शहर में हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट शुरू किया गया हैं?
(A) पटना
(B) पुणे
(C) ईटानगर
(D) आइजोल

6. राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष डिजिटल शक्ति अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ किसने किया?
(A) रेखा शर्मा
(B) ममता शर्मा
(C) पूर्णिमा अडवाणी
(D) ललिता कुमारमंगलम

7. नवंबर 2022 में किस देश में बंडारू विल्सनबाबू को भारत के राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया?
(A) कोमोरोस
(B) अर्जेंटीना
(C) बेलारूस
(D) पुर्तगाल

8. किस राज्य ने हाल ही में दुनिया की 'पहली ड्रोन मध्यस्थता पशुधन टीकाकरण' सेवा शुरू की है?
(A) अरुणाचल प्रदेश
(B) ओडिशा
(C) असम
(D) उत्तराखंड

9. किस राज्य में 3 ट्रांसजेंडर सरकारी स्कूलों के शिक्षक के रूप में नियुक्त किए गए?

(A) कर्नाटक
(B) दिल्ली
(C) उत्तर प्रदेश
(D) आंध्र प्रदेश

**10.हाल ही में कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने किस वर्ड को 2022 का वर्ड ऑफ द ईयर चुना हैं?**
(A) पर्यावरण
(B) विकास
(C) होमर
(D) उपर्युक्त सभी

The ACHIEVERS IAS ACADEMY